MAY 2023 **U/ID 30680/ULE3A**

Time : Three hours Maximum : 75 marks

SECTION A — ($10 \times 2 = 20$ marks)

किन्हीं दस प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 30 शब्दों में हों।

1. कबीर प्रेम की गली को अति संकीर्ण क्यों कहते हैं?
2. गोपिकाएँ उद्धव को तुरंत मथुरा लौट जाने के लिए क्यों कहती है?
3. 'कोऊँ वह सत्य, झूठ कह कोऊँ' से तुलसी का मतलब क्या है?
4. श्री कृष्ण से मीरा की अंतिम विनती क्या थी?
5. कवि राधा और कृष्ण की जोड़ी को चिरंजीव क्यों कहते हैं?
6. जीवन लक्ष्य के संबंध में तिरुवल्लुवर का उपदेश क्या है?
7. पृथ्वीराज रासो का परिचय दीजिए।
8. आदिकालीन काव्य की भाषागत विशेषताओं को बताइए।
9. निर्गुण भक्ति से तात्पर्य क्या है?
10. ज्ञानमार्गी शाखा के कवियों के नाम गिनाइए।

11. रीतिकाल के प्रमुख काव्यों के नाम लिखिए।

12. रीतिकालीन काव्यों के रीति निरूपण की विशेषता का परिचय दीजिए।

SECTION B — ($5 \times 5 = 25$ marks)

किन्हीं पाँच की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

13. जब मैं था तो गुरु नाहिं, अब गुरु हैं हम नाहिं।
प्रेम गली अति सांकरी ता में दो न समाहिं।।

14. सुन्दर स्याम सलोने गिरिधर नंदनंदन आराधै।
जा तन रचि रचि भूषन पहने भाँति भाँति के साज।।
ता तन कहै भस्म-चढ़ावत नाहिं न लाज।
घट भीतर नित बसत साँवरो, मोर मुकुट सिर धारे।।

15. तू दयालू दीन हौं, तू दानी, हों भिखारी।
हौं प्रसिद्ध पातकी, तू पापपुंज-हारी।
नाथ तू अनाथ को अनाथ कौन मो-सो?
मो समान आरत नहिं, आरतिहर तो-सो।।

16. सून सेज राणा भेजो, दीज्यो मीराँ सुलाय।
साँझ भई मीरा सोवण लागी, मानो फूल बिछाय।
मीरा के प्रभु सदा सहाई राखे बिघट हटाय।
भजन भाव में मस्त डोलती गिरिधर पर बलि जाय।।

17. कनक कनक तैं सौ गुनी मादकता अधिकाय
उहिं खाएँ बोराइ जगु इहि पायें बौराई।।

18. रहते सुमधुर वचन के कहु कहने की बात।
योंही पक्का छोड़ फल, कच्चा ग्रहण समान।।

19. सीख सीखने योग्य सब, भ्रम संशय बिन सीख।
कर उसके अनुसार फिर, योग्य आचरण ठीक।।

SECTION C — ($3 \times 10 = 30$ marks)

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

प्रत्येक उत्तर 500 शब्दों में हों।

20. तुलसीदास के 'विनय के पद' का सारांश लिखिए। $(1 \times 10 = 10)$

अथवा

21. तिरुवल्लुवर के पठित कुरलों का मूल्यांकन कीजिए।

22. वीरगाथा काल की सामान्य परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। $(1 \times 10 = 10)$

अथवा

23. राम भक्ति शाखा की प्रवृत्तियों पर विचार कीजिए।

24. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2 × 5 =10)

(a) चंदबरदाई

(b) जायसी

(c) सूरदास

(d) घनानंद